रांची विवि के नौ कालेजों की वेबसाइट बंद, दो की हैक

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर कालेजों के लिंक खोलने पर किसी पर जुआ-लाटरी तो किसी पर नजर आ रहे चाइनीज गेम

दैनिक जागरण एक्सक्लूसिव

- रांची यूनिवर्सिटी की वेबसाइट इन कालेजों की वेबसाइट के लिंक हैं
- लिंक पर क्लिक करते ही पूरी कहानी क्यां कर रही हैं

दिवाकर सिंह●जागरण

रांची : डिजिटल क्रांति के इस युग में जहां शिक्षा से लेकर सूचना तक सब कुछ एक क्लिक पर उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा है, वहीं झारखंड के सबसे पुराने रांची विश्वविद्यालय (आरयू) के कालेजों का हाल बेहाल है। छात्र जानकारी के लिए कालेज की वेबसाइट खोलते हैं, तो उन्हें जुए और विदेशी गेम्स नजर आ रहे हैं। रांची विश्वविद्यालय के अंगीभूत 19 अंगीभूत कालेज हैं। इनमें से दो कालेजों (केसीबी बेड़ो व मांडर कालेज) की वेबसाइट को हैकरों ने हैक कर लिया है। इस कारण इनके लिंक पर क्लिक करने पर लाटरी व गेम खुल रहे हैं। नौ कलेजों की वेबसाइट बंद हैं। जबकि, वर्तमान में रांची विवि की ओर से परीक्षा और रिजल्ट से संबंधित सारी सूचनाएं वेबसाइट पर दी जा रही हैं। अंगीभूत कालेजों को भी ऐसा ही करना है लेकिन, उनकी वेबसाइट कुछ अलग ही कहानी बता रही हैं। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि विद्यार्थियों को सूचनाएं कहां से प्राप्त होंगी।

प्रिंसिपलों की लापरवाही पर विवि ने झाड़ा पल्ला : हैरानी की बात यह है कि यह स्थिति रातों-रात उत्पन्न नहीं हुई है। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि उन्होंने महीनों पहले ही संबंधित कालेजों को उनके पोर्टल हैक होने की सूचना दे दी थी। संबंधित कालेजों के प्रिंसिपलों ने इसे सुधारने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। विश्वविद्यालय इस पूरे मामले में केवल सूचना देने की औपचारिकता निभाकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ता नजर आ रहा है। विवि का कहना है कि कालेजों की वेबसाइट का एक्सेस विश्वविद्यालय के पास नहीं होता है। हम आगाह ही कर सकते हैं।

छात्रों के साथ डिजिटल छल: वर्तमान में जब परीक्षा फार्म भरने से लेकर रिजल्ट देखने तक की पूरी प्रक्रिया आनलाइन है, तब वेबसाइटों का इस तरह हैक होना या बंद पड़ा होना छात्रों के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्र, जो सूचनाओं के लिए पूरी तरह इंटरनेट पर निर्भर हैं, उन्हें यह समझ नहीं आ रहा कि वे सही जानकारी कहां से जुटाएं।

बड़ा सवाल: क्या डिजिटल इंडिया का सपना ऐसे ही साकार होगा, जहां शैक्षणिक संस्थान अपनी साइबर सुरक्षा के प्रति इतने लापरवाह हैं कि उनकी पहचान लाटरी व गेमिंग साइट्स के रूप में होने लगी है। जिम्मेदार कौन है-चेतावनी देकर चुप बैठनेवाला रांची विश्वविद्यालय या सोता हुआ कालेज प्रशासन। इस मामले को लेकर कोई गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

केसीबी कालेज बेड़ो की वेबसाइट पर लाटरी● सौ. इंटरनेट

मांडर कालेज की वेबसाइट पर खुल रहे गेम● सौ. इंटरनेट

कालेज अपनी की वेबसाइट का एक्सेस हमें नहीं देते हैं। विश्वविद्यालय की ओर से जिन कालेजों की वेबसाइट नहीं खुल रही हैं या कुछ और खुल रही हैं, उन्हें सूचना दे दी गई है। बता दिया गया है कि उनकी वेबसाइट हैक हो गई है। इसके बाद भी इसमें सुधार नहीं किया गया है।

-डा. स्मृति सिंह, पीआरओ, रांची विवि।

वेबसाइट हैक, भविष्य अधर में

रांची विश्वविद्यालय के 19 अंगीभूत कालेजों में से 11 की वेबसाइट में गड़बड़ी है। आरयू की साइट पर इन कालेजों के जो लिंक हैं, वे सूचना देने के बजाय साइबर असुरक्षा की कहानी कह रहे हैं।

मांडर कालेज : यहां की वेबसाइट पर क्लिक करते ही आप किसी शैक्षणिक पोर्टल पर नहीं, बल्कि एक चाइनीज गेम की वेबसाइट पर पहुंच जाते हैं।

केसीबी कालेज बेड़ो: यहां की वेबसाइट पर मंगलवार तक चाइनीज गेम की साइट खुल रही थी, जबकि बुधवार को वेबसाइट ही गायब हो गई।

इन कालेजों की बंद हैं वेबसाइट

नौ कालेजों की वेबसाइट बंद हैं। इनमें जेएन कालेज धुर्वा, बिरसा कालेज खूंटी, बीएन जालान कालेज सिसई, सिमडेगा कालेज, विमेंस कालेज लोहरदगा, माडल डिग्री कालेज घाघरा, माडल डिग्री कालेज बानो, विमेंस कालेज सिमडेगा, विमेंस कालेज गुमला शामिल हैं।

नीरजा सहाय डीएवी में प्रतिभा को मिला सम्मान

जासं, रांची : नीरजा सहाय डीएवी में 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्रों व उनके अभिभावकों को गुरुवार को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व वरीय शिक्षिका अनामिका हर्षवर्द्धन ने तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। प्राचार्या किरण यादव ने पौध व उपहार देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों एवं उनके अभिभावकों को सम्मानित किया। प्राचार्या ने कहा कि किसी भी अभिभावक के लिए यह दिन उनकी मेहनत एवं त्याग का प्रतिफल होता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने भी अपने उद्गार व्यक्त करते हुए अपनी सफलता का श्रेय प्राचार्या एवं उनके कुशल मार्गदर्शन को दिया।

THE INSTITUTE OF Company Secretaries of India
भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान

निविदा सूचना

"आईसीएसआई डेटा सेंटर सेवाओं के लिए फैसिलिटी मैनेजमेंट सर्विसेज (एफएमएस) हेतु निविदा" के माध्यम से योग्य सेवा प्रदाताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा के विस्तृत नियम एवं शर्तें आईसीएसआई वेबसाइट www.icsi.edu पर टेंडर पेज पर उपलब्ध है।

कोर्ट नोटिस

सिविल जज सिनियर डिविजन-I, सह-पी.ओ. कॉमर्शियल कोर्ट, राँची।
कॉमर्शियल एक्सक्यूसन नं0-35/2026
एच.डी.बी. फाईनान्सीयल सर्विसेज ....डिक्री होल्डर
बनाम
मो0 फिरोज वगैरह..........जजमेंट डेबटर
नोटिस बनाम:-
1. मो0 फिरोज पिता मो0 अख्तार, निवासी छोट कोलमा टोल प्लाजा के निकट, पो.- एदलहातु, थाना - बुण्डु, जिला-राँची, झारखण्ड - 835204, 2. साबिया खातुन पुत्री जमाउद्दीन मंसुर पति मो. फिरोज निवासी छोट कोलमा टोल प्लाजा के निकट, पो.- एदलहातु, थाना-बुण्डु, जिला-राँची, झारखण्ड - 835204.
बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि उपर लिखित डिक्री होल्डर ने यह उपरोक्त वाद आप सभी के विरूद्ध दायर किया है जिसमें न्यायालय में पंजीकृत डाक एवं नजारत द्वारा निर्गत सम्मन के बावजूद आपलोग अनुपस्थित हैं। अतः आप सभी को बजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि दिनांक 21/05/26 को 7.30 बजे स्वयं या अपने अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा वाद की कार्यवाही आपकी अनुपस्थिति में एकपक्षीय सुनिश्चित की जाएगी।
इसे सख्त ताकिद जानें।
न्यायालय के मुहर एवं हस्ताक्षर से दिनांक 07/5/26 को जारी किया गया।
ह./- सिविल जज सिनियर डिविजन-I, सह-पी.ओ. कॉमर्शियल कोर्ट, राँची

कोर्ट नोटिस

ब-अदालत,
श्री राजेश कुमार सिंह, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश - II, कुटुम्ब न्यायालय, रांची।
सिविल विविध -03/2026
सुभाष कुमार सिंह ....आवेदक
बनाम
ज्योति सिंह उर्फ ज्योति तिवारी ......विपक्षी
नोटिस बनाम:-
ज्योति सिंह उर्फ ज्योति तिवारी, पति सुभाष कुमार सिंह, पिता एस. एन. तिवारी, निवासी जोवरिया गैस एजेंसी के पास, आईटीआई के पीछे, इटकी रोड, जिला रांची, झारखंड और वर्तमान में निवास स्थान बी-21, काकरीया अपार्टमेंट, आई.पी. एक्सटेंशन, प्रतापगंज, नई दिल्ली -100092
चू बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी / आवेदक ने आपके विरूद्ध उपरोक्त अदालत में सिविल विविध सं. 03/2026 दाखिल किया है, जिसमें आपको नजारत एवं डाक के द्वारा नोटिस भेजा गया साथ ही ईमेल आईडी jyptiadv21@gmail.com पर और 7042349117 पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी सूचना भेजा गया किन्तु आप उपरोक्त वाद में आप अभी तक उपस्थित नहीं हुए हैं।
अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आज दिनाक 24/6/26 को समय 7.30. Am बजे पूर्वाह्न स्वंय या आपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी गैर हाजिरी मे मुकदमें की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी।
इसे सख्त ताकिद जाने
यह नोटिस अदालत के मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनांक 1-5-26 को जारी किया गया।
ह./- अपर अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश II
अतिरिक्त कुटुम्ब न्यायालय, राँची
सिरिस्तेदार

FORM NO. 17
[See Regulation 35 (1)]
OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI
5th Floor, Pragati Sadan, RRDA Building, Kutchery Chowk, Ranchi - 834001
RC / 326 / 2023
NOTICE TO SHOW CAUSE WHY A WARRANT OF ARREST SHOULD NOT BE ISSUED
[Under Rule 73 of the Second Schedule to the Income Tax Act, 1961 Read with Section, 29 of the Recovery of Debts & Bankruptcy Act, 1993]
BANK OF BARODA
Versus
M/S MAA LAXMI SWEETS (PROP. DOCTOR MAHATO)
AND OTHERS
To,
(CD2) DOCTOR MAHATO,
(Proprietor of M/s Maa Laxmi Sweets,
S/o Late Gatikishto Mahato, R/o-Sector-2 Market, HEC Colony,
Dhurwa-834004.
Whereas you have failed to pay the amount of arrears specified in the OA/410/2022 drawn up by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI for recovery of Rs. 38,25,991.20 (Rupees Thirty Eight Lakhs Twenty Five Thousand Nine Hundred Ninety One and Paise Twenty Only) along with interest plus cost payable by you as per certificate and it is proposed to execute the above Certificate by Arrest and Imprisonment of your persons.
You are hereby required to appear before the undersigned on 03/07/2026 and to show cause why you should not be arrested and committed to the CIVIL PRISON in execution of the said Certificate.
Given under my HAND and the SEAL of the Tribunal, on this dated : 16/03/2026.
Sd/- Recovery Officer
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL RANCHI

संभावित तिथि को नहीं हो पा रहीं जेपीएससी की अधिसंख्य परीक्षाएं

मेंस तो दूर, पीटी का रिजल्ट भी जारी नहीं हो पाया समय पर, सिविल सेवा बैकलाग की भी परीक्षाएं ससमय नहीं हुईं

राज्य ब्यूरो, जागरण ● रांची : झारखंड लोक सेवा आयोग ने इस वर्ष जनवरी से जून माह तक आयोजित होनेवाली परीक्षाओं का कैलेंडर जारी करते हुए विभिन्न परीक्षाओं की संभावित तिथियां घोषित की थीं, लेकिन इसकी अधिसंख्य परीक्षाएं समय पर आयोजित नहीं हो सकीं। संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा की ही बात करें तो इसकी मुख्य परीक्षा दो से चार मई तक होनेवाली थी, लेकिन अभी तक इसकी प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम ही जारी नहीं हो सका है। इसकी प्रारंभिक परीक्षा भी संभावित तिथि (आठ मार्च) को न होकर 19 अप्रैल को आयोजित की गई थी। आयोग ने प्रारंभिक परीक्षा का माडल उत्तर जारी करते हुए उनपर आपत्तियां मंगा ली हैं, लेकिन परिणाम अभी जारी नहीं हुआ है।

संयुक्त सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा का अभी तक परिणाम जारी नहीं होने के कारण इसकी मुख्य परीक्षा इस माह आयोजित होने की कोई संभावना नहीं है। परिणाम जारी होने के बाद सफल अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन करने तथा परीक्षा की तैयारी का कुछ समय देना पड़ेगा। ऐसे में मुख्य परीक्षा जून-जुलाई माह में ही आयोजित होने की संभावना है। हालांकि, आयोग ने इस परीक्षा के तहत साक्षात्कार की संभावित तिथि 16 से 19 जून निर्धारित की है। अगर मुख्य परीक्षा जून में आयोजित भी होती है तो इन तिथियों को साक्षात्कार आयोजित होने की संभावना नहीं के बराबर है। कमोबेश यही स्थित जेपीएससी द्वारा आयोजित होनेवाली वर्ष 2023 तथा 2024 की सिविल सेवा बैकलाग परीक्षाओं की भी है। वर्ष 2025 की बैकलाग नियुक्ति के तहत मुख्य परीक्षा अपनी संभावित तिथि नौ से 11 मई तक नहीं हो सकी। इसकी प्रारंभिक परीक्षा ही 17 मई को आयोजित होनेवाली है। वहीं, वर्ष 2023 की बैकलाग नियुक्ति प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम भी आना बाकी है। यह परीक्षा 10 मई को आयोजित की गई थी। इनकी मुख्य परीक्षाएं समय पर नहीं होने के कारण साक्षात्कार भी निर्धारित संभावित तिथि को नहीं हो पाएगी।



प्रभावित होती हैं भविष्य की परीक्षाएं : झारखंड लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं समय पर नहीं होने की बड़ी वजह एक परीक्षा में देरी होने के कारण आगे होनेवाली अन्य परीक्षाओं का प्रभावित होना है। कुछ मामलों में निर्धारित तिथियों को परीक्षा केंद्र उपलब्ध नहीं होना तथा अन्य प्रतियोगिता परीक्षा होना बताया जाता है।

फिर भी, समय पर परीक्षाएं आयोजित नहीं होने से परेशानी अभ्यर्थियों को होती है तथा भविष्य में होनेवाली परीक्षाएं भी प्रभावित होती हैं।

बीएससी नर्सिंग प्रैक्टिकल परीक्षा 18 से

जासं, रांची: रांची विश्वविद्यालय बेसिक बीएससी नर्सिंग के प्रथम वर्ष की लंबित परीक्षा 2024, द्वितीय वर्ष और एक वर्ष की लंबित परीक्षा 2025 के लिए व्यावहारिक परीक्षा कार्यक्रम एवं केंद्र में बदलाव किया है। जारी अधिसूचना में बताया गया कि 18 मई को बेसिक साइंस नर्सिंग प्रथम वर्ष, नर्सिंग फाउंडेशन की परीक्षा दस बजे से होगी। 19 को बेसिक साइंस द्वितीय वर्ष की होगी। 20 से 22 मई तक बेसिक साइंस नर्सिंग तीसरे वर्ष की परीक्षा दस बजे से ही होगी। हिल व्यू कालेज आफ नर्सिंग बरियातू में सेंटर दिया गया है। इसी तरह बीएससी नर्सिंग तीसरे सेमेस्टर सत्र 2022-26 का प्रैक्टिकल परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया।

बीएस कोर्स के लिए 31 मई तक करें आवेदन

जासं, रांची: आइआइटी मद्रास ने बीएस डिग्री प्रोग्राम में शैक्षणिक सत्र-2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 मई है। यह प्रोग्राम कक्षा 12 की पढ़ाई पूरी कर चुके उम्मीदवारों के लिए है व आयु की कोई सीमा नहीं है। बीएस इन डेटा साइंस एंड एप्लिकेशंस, बीएस इन इलेक्ट्रानिक सिस्टम्स, बीएस इन मैनेजमेंट एंड डेटा साइंस सहित चार प्रोग्राम उपलब्ध है।

चार अंकेक्षकों की सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त

जासं, रांची : रांची विश्वविद्यालय (आरयू) ने चार अंकेक्षकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। ये सभी दिसंबर 2021 से कार्यरत थे। इनमें अंकेक्षक कोषांग के समन्वयक अजय प्रकाश, आंतरिक अंकेक्षक महेशचंद्र सिन्हा, पीयूष कुमार व बिरेंद्र सिंह शामिल हैं। 31 मई तक इनका अनुबंध है। आरयू ने अपने आदेश में कहा है कि इन सभी की सेवा 31 मई को समाप्त की जाती है। ऐसी सूचना है कि अब इनकी जगह पर छह नए अंकेक्षकों की नियुक्ति की गई है। एक जून से वे सभी कार्यभार संभालेंगे। माना जा रहा कि लोक भवन के निर्देश पर विवि ने यह कदम उठाया है।

परीक्षा परिणाम जारी किया

जासं, रांची: रांची विश्वविद्यालय ने मार्च 2026 में आयोजित मास्टर आफ (कला/विज्ञान) सेमेस्टर-दो (सत्र 2024-2026) का परिणाम घोषित कर दिया है। पुरातत्व एवं संग्रहालय विज्ञान के स्नातकोत्तर परीक्षा का भी परिणाम जारी कर दिया गया है। मास्टर आफ डांस में छात्र को प्रमोट किया गया। रांची वीमेंस कालेज में फैशन डिजाइन व मैनेजमेंट का परिणाम जारी कर दिया गया। फिल्म स्टडी व प्रोडक्शन का परिणाम भी जारी कर दिया।

डोरंडा कालेज में होगी एमबीबीएस की परीक्षा

जासं, रांची: रांची विवि ने एमबीबीएस की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। डोरंडा कालेज में परीक्षा दोपहर 1 से 4 बजे तक होगी। 21 मई को औषधि-प्रथम, 23 को औषधि-द्वितीय, 25 मई को सर्जरी प्रथम, 29 मई को सर्जरी-द्वितीय (भाग ए व बी), 1 जून को प्रसूति एवं स्त्रीरोग-प्रथम, 3 को प्रसूति व स्त्रीरोग-द्वितीय व 5 को पेडियाट्रिक्स, आठ को नेत्र विज्ञान (आंख) व दस जून को ईएनटी की परीक्षा होगी।

समाचार सार

करियर संभावनाओं पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

कार्यक्रम में शामिल छात्र-छात्राएं व शिक्षक ● सौ. स्वयं

जागरण संवाददाता, रांची : पुंदाग स्थित लाला लाजपत राय बाल मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए गुरुवार को हास्पिटैलिटी सेक्टर में करियर एवं उच्च शिक्षा के अवसरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को 12वीं के बाद रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों व उभरते व्यावसायिक क्षेत्रों की जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता होटल प्रबंधन संस्थान के वरिष्ठ व्याख्याता विनीत सिन्हा ने विद्यार्थियों को हास्पिटैलिटी सेक्टर के महत्व, इसकी बढ़ती मांग और रोजगार संभावनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र न केवल रोजगार देता है, बल्कि व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल एवं नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देता है। विद्यार्थियों को विभिन्न डिप्लोमा, स्नातक एवं प्रमाणपत्र पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने करियर विकल्प, विदेशों में कार्य संभावनाओं आदि से प्रश्न पूछे। प्राचार्य शैलेंद्र कुमार ने करियर के प्रति जागरूक किया।

डीएसपीएमयू : एक व्यक्ति एक पद को लेकर किया घेराव

डीएसपीएमयू मुख्यालय के गेट पर धरना देते विद्यार्थी● जागरण

जागरण संवाददाता, रांची: आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) व आइसा ने गुरुवार को एक व्यक्ति एक पद और शैक्षणिक व प्रशासनिक मुद्दों सहित अन्य मांगों को लेकर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के प्रशासनिक भवन का घेराव किया। घेराव के बाद कुलपति डा. राजीव मनोहर और अन्य संकायों के डीन के साथ छात्र नेताओं की वार्ता हुई। कुलपति ने छात्रों को आश्वस्त किया कि एक व्यक्ति एक पद सहित अन्य मांगों पर लोकभवन के पूर्व आदेश के अनुरूप एक सप्ताह के भीतर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। एसीएस के कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर मांगें पूरी नहीं की गईं तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। आइसा रांची के सचिव संजना मेहता ने कहा कि कुलपति का यह कहना कि जो शिक्षक के पास अधिक डिग्री है, उन्हें अधिक पदभार दिया जाए, यह एक पद के लिए सभी को समान अवसर देने के सिद्धांत और नियम के खिलाफ है। यह कुलपति की असमानतावादी सोच को दर्शाता है।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

ARMB - राँची (D. No. 6794) एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, राँची - 834001, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in

भौतिक कब्ज़ा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी, पंजाब नेशनल बैंक के अधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत तथा धारा 13 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 27.01.2022 को एक मांग सूचना जारी की थी, जिसके द्वारा (उधारकर्ता) शोभा देवी, पति - मनोज कुमार पांडेय; खाता संख्या - 0059300032601 को नोटिस में उल्लिखित राशि ₹39,08,184.00 (रुपये उनतालीस लाख आठ हजार एक सौ चौरासी मात्र) का भुगतान, नोटिस की तिथि/प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर करने हेतु कहा गया था।
उक्त उधारकर्ता द्वारा निर्धारित अवधि में भुगतान न करने के कारण, उधारकर्ता एवं सामान्य जनता को यह सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने SARFAESI अधिनियम की धारा 13(4) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 11 मई 2026 को नीचे वर्णित संपत्ति का भौतिक कब्ज़ा ले लिया है।
1. SARFAESI नोटिस (धारा 13(2)) की तिथि: 27.01.2022
2. प्रतीकात्मक कब्ज़ा (धारा 13(4)) की तिथि: 23.05.2022

अचल संपत्ति का विवरण:
"शोभा भारती एन्क्लेव ड्रीम सिटी" में स्थित ग्राउंड फ्लोर के फ्लैट संख्या G-1 के सभी भाग, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 1110 वर्गफुट है, जो विक्रय विलेख संख्या 461/417 दिनांक 23.02.2018 के अंतर्गत दर्ज है। उक्त संपत्ति आर.एस. खाता संख्या 117, आर.एस. प्लॉट संख्या 542, सब प्लॉट संख्या 542/बी-6, रकबा 3 कट्ठा 6 छटाक 15 वर्गफुट, वार्ड संख्या 2, होल्डिंग संख्या 0010001788000Z0, मौजा - भीठा, थाना बरियातू, थाना संख्या 187, जिला रांची में स्थित है तथा शोभा देवी, पति - मनोज कुमार पांडेय के नाम पर दर्ज है। संपत्ति की सीमाएँ निम्न प्रकार हैं : उत्तर : खाली प्लॉट, दक्षिण : खाली प्लॉट, पूर्व : खाली प्लॉट, पश्चिम : पार्किंग
(सुषमा पराशर)
दिनांक: 11.05.2026
स्थान: रांची
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
मुख्य प्रबंधक सह अधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक

पंजाब नैशनल बैंक ....भरोसे का प्रतीक Punjab National Bank ...the name you can BANK upon !

ARMB, राँची (पता: एस. एन. गांगुली रोड, राधेश्याम लेन, रांची, जिला - राँची, झारखंड - 834001 | फोन : 7300705205, ई-मेल: cs6794@pnb.bank.in

अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।
एतद् द्वारा सामान्य रूप से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों को सूचना दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियों को सुरक्षित लेनदार को बंधक/ प्रभारित किया गया है, जिसका रचनात्मक/ भौतिक/ सांकेतिक जो भी लागू हो जिसका कब्जा बैंक के अधिकृत अधिकारी/ प्रतिभूति लेनदार द्वारा लिया गया है। सम्बंधित उधारकर्ताओं एवं जमानतदारों से बैंक/ सुरक्षित लेनदार होने के कारण अपनी बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिये गये तालिका में उल्लेखित तिथि पर "जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य और अग्रधन जमा राशि सम्बंधित सम्पत्तियों के सामने नीचे दिये गये तालिका में उल्लिखित है।

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / उधारकर्ता/जमानतदारों के खाता का नाम एवं पता	बंधक/ स्वामी के नाम के अचल सम्पत्तियों का विवरण (बंधककर्ता की सम्पत्ति (यों)	A) 13(2) SARFAESI एक्ट के तहत डिमांड नोटिस की तिथि B) डिमांड नोटिस की तिथि तक बकाया राशि C) कब्जा की तिथि 13(4) SARFAESI एक्ट 2002 के अनुसार D) कब्जा का प्रकार सांकेतिक/ भौतिक/ रचनात्मक	A) आरक्षित मूल्य (रू0 लाख में) B) इएमडी C) बोली वृद्धि राशि D) Baanknet प्रॉपर्टी आईडी	ई-नीलामी की तिथि एवं समय
01	शाखा कार्यालय : अरगोड़ा कॉलोनी, राँची (093900) श्री अब्दुल रमीज, पिता - अब्दुल अज़ीज़, 137, ग्वाला पाड़ा रोड, अज़ीज़ मेंशन, जमशेदपुर, जुगसलाई, जुगसलाई, पूर्वी सिंहभूम, झारखंड - 831006	"नेताजी एन्क्लेव" नामक भवन के द्वितीय तल पर स्थित आवासीय फ्लैट संख्या-B के सभी भाग, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 1162 वर्गफुट तथा सुपर बिल्ट-अप क्षेत्रफल 1394 वर्गफुट है, साथ में भूतल पर एक कार पार्किंग स्थान सहित तथा भूमि के अविभाजित आनुपातिक हिस्से का अधिकार, अर्थात 527 वर्गफुट के बराबर लगभग 1.21 डिसमिल भूमि, जो आर.एस. खाता संख्या 108, प्लॉट संख्या 164 के भाग, कुल क्षेत्रफल 15.91 डिसमिल, होल्डिंग संख्या 029000352000ZO, वार्ड संख्या 29, रांची नगर निगम, रांची में स्थित है। उक्त संपत्ति मौजा कडरू, थाना अरगोड़ा, थाना संख्या 208, जिला रांची में अवस्थित है। उक्त संपत्ति अब्दुल रामिज़ के नाम पर विक्रय विलेख संख्या 1559/1729 दिनांक 01.03.2023 के माध्यम से दर्ज है। संपत्ति की सीमाएँ निम्न प्रकार हैं : उत्तर : साइड सेट बैक, दक्षिण : फ्लैट संख्या-C, पूर्व : सीढ़ी एवं लॉबी, पश्चिम : फ्रंट सेट बैक	A) 28.07.2025 B) Rs. 48,66,940.75 + further interest C) 08.10.2025 D) सांकेतिक कब्जा	A) Rs 60,69,000.00 B) Rs. 6,06,900.00 C) Rs 1,00,000.00 D) PUNBE3A5689 5057	16.06.2026 11:00 AM to 04:00 PM

प्रतिभूति लेनदार को ज्ञात भार का विवरण - बैंक को ज्ञात नहीं

नियम एवं शर्तें
बिक्री सुरक्षा (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियमों एवं शर्तों के अधीन होगा और निम्नलिखित शर्तों का पालन करना होगा।
01. सम्पत्तियों को "जहाँ है", "जैसा भी है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेचा जा रहा है।
02. अनुसूचि में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिए कहा गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जबावदेह नही होगा।
03. बिक्री वेबसाइट https://baanknet.com पर ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 16.06.2026 को अपराह्न 11:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक की जाएगी।
04. उपरोक्त उल्लिखित बयाना राशि (EMD) को PSB Alliance Private Limited के E-Wallet में (http://baanknet.com) पोर्टल के माध्यम से सीधे जमा किया जाएगा अथवा उसी पोर्टल पर चालान (Challan) उत्पन्न कर, उसमें दिए गए खाते के विवरण के अनुसार RTGS/NEFT के माध्यम से EMD जमा किया जाएगा। यह राशि दिनांक 15.06.2026 को 16:00 बजे से पूर्व अनिवार्य रूप से जमा की जानी चाहिए।
05. बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnb.bank.in पर देखें।
SARFAESI अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) एवं 9(1) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना
तिथि : 08.05.2026
स्थान : रांची
प्राधिकृत अधिकारी
पंजाब नेशनल बैंक, प्रतिभूति दाता
नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।

नर्सिंग कोर्स में नामांकन हेतु सम्पर्क करें :
SARDAR PATEL GROUP OF EDUCATION
ANM | GNM | D.PHARMA | DMLT | O-T | X-RAY | DRESSER
Approved by JNRC/INC/Kolhan University

★ ANM ★ GNM
★ B.Sc. NURSING
★ POST BASIC NURSING
Dimna Road Mango, Jamshedpur Jharkhand
Ph. : 7903295578, 9031128874

समग्र शिक्षा अभियान के लिए 1,832 करोड़ का बजट स्वीकृत

राज्य ब्यूरो, जागरण ● रांची : केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत झारखंड के लिए कुल 1,832 करोड़ रुपये के बजट की स्वीकृति प्रदान की है। केंद्र के प्रोग्राम एप्रूवल बोर्ड की गुरुवार को नई दिल्ली में हुई बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए इस बजट की स्वीकृति मिली।

केंद्र ने इस वित्तीय वर्ष के लिए किसी नए कार्यक्रम के लिए राशि की स्वीकृति प्रदान नहीं की है। हालांकि समग्र शिक्षा अभियान के तहत संचालित सभी कार्यक्रम जारी रहेंगे। उन सभी कार्यक्रमों के लिए बजट की स्वीकृति मिली है। इनमें कक्षा एक से आठ के बच्चों के लिए निश्शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण, पोशाक वितरण, आरटीई के तहत निजी स्कूलों में नामांकित बच्चों के लिए क्षतिपूर्ति, आइसीटी, व्यावसायिक शिक्षा आदि सम्मिलित हैं। पारा शिक्षकों एवं बीआरपी, सीआरपी के मानदेय के लिए भी राशि स्वीकृत हुई है। साथ ही कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालयों के संचालन के लिए भी राशि की मंजूरी मिली है। हालांकि, पिछले वित्तीय वर्ष में समग्र शिक्षा अभियान के तहत लगभग 2,500 करोड़ का बजट स्वीकृत हुआ था।

पीएम पोषण योजना के लिए पैब की बैठक कल : पीएम पोषण योजना (मध्याह्न भोजन) के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट की स्वीकृति 16 मई को मिलेगी। इसके लिए प्रोग्राम एप्रूवल बोर्ड (पैब) की बैठक इस दिन बुलाई गई है। सरकार ने बजट प्रस्ताव तैयार किया है।

बीआइटी व एरिजोना में एमओयू

जासं, रांची : बीआइटी मेसरा ने संयुक्त राज्य अमेरिका के सार्वजनिक अनुसंधान विवि एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। दोनों संस्थानों के बीच यह गठबंधन शैक्षणिक सहयोग, संकाय सहभागिता, छात्र विकास व संयुक्त पहलों के अवसरों को बढ़ावा देगा। यह समझौता ज्ञापन संकाय विकास एवं विनिमय, छात्र सहभागिता पहलों, शैक्षणिक कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग के लिए एक रूपरेखा स्थापित करेगा। साथ ही, यह साझा शिक्षण पद्धतियों, पाठ्यक्रम निर्माण दृष्टिकोणों व बीआइटी मेसरा एवं एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्रों और संकाय सदस्यों के बीच शैक्षणिक संवाद को भी प्रोत्साहित करेगा।

BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
[Established Under Govt. of Jharkhand Act-06,2023 & Section 2 (f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi]
Learn with Purpose, Care & Passion
MEDICAL & HELTH SCIENCES
BDS | MDS — ANM | GNM | B.Sc.Nursing
BHMS | MD (Hom.) — B.Sc.MLT
B.Sc. in Medical: Microbiology, Biochemistry, Pathology, Physiology, Pharmacology, Anatomy
M.Sc. in Medical: Microbiology, Biochemistry, Medical Lab Tech. Physiology, Pharmacology Anatomy,
LAW PROGRAMS: L.L.B. | BBA-L.L.B. (H) B.A.-L.L.B. (H)
MANAGEMENT & IT: BCA | MCA BBA | MBA
EDUCATION: B.Ed. | D.El.Ed.
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE: B.Lib. | M.Lib.
ENGINEERING: B.Tech CSE | AI | CE | EE Cyber Security; Diploma Engineering: Civil | Mechanical Electrical Computer Science Electrical & Electronics
ITI COURSES: Fitter | Electrician Welder | Turner COPA Fashion Tech. Solar Technician Draughtsman Civil Hospital Housekeeping Motor Electical Vehicl
AGRICULTURE: B.Sc. Agriculture (Hon.)
PHARMACY: D.Pharm | B.Pharm
Farathiya, Garhwa - 822114, Jharkhand 9661462506 8789485970 6206297213